पहले कांग्रेस फिर भाजपा विधायक ने किया शिलान्यास तो भी नहीं बनी सड़क

श्रीगंगानगर,(कासं)। श्रीगंगानगर दो बार शिलान्यास के बाद भी तीन पुली से चार जैड, मोहनपुरा, कोनी, मदेरां रोड का निर्माण अधरझूल में है। इस सड़क से जुड़े गांवों के लगभग 50 हजार से अधिक लोग परेशानी झेल रहे हैं। अब इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग में एक्सईएन का घेराव किया है।

इस सड़क का पहले कांग्रेस विधायक और फिर अब भाजपा विधायक शिलान्यास कर चुके हैं लेकिन सड़क नहीं बन रही। बसपा के देवकरण नायक के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने पीडब्लयूडी ऑफिस में एक्सईएन का घेराव किया। मोहनपुरा, रेणुका, 6 वाई, 5 वाई, 5 एफ, 5 एच, रोहिड़ांवाली, मदेरां, दौलतपुरा, कोनी, 9 एच, 5 वाई सहित अन्य गांवों सहित तीन पुली के पास बसंत विहार, पारीक कॉलोनी, बावरी की ढाणी, गोविन्द नगर, 4 जैड प्रथम व द्वितीय, भांभू फार्म हाउस, दुर्गा विहार के 50 हजार से अधिक लोग परेशान हो रहे हैं।

इन ग्रामीणों का इस रोड से होते हुए ही प्रतिदिन शहर की ओर आना-जाना होता है। लोगों का कहना है कि नेताओं को जनता की परेशानी से कोई सरोकार नहीं है। सवाल है कि दो बार शिलान्यास होने के बावजूद भी आज तक सड़क नहीं बनी।

गंगानगर के तीन पुली से चार जैड, मोहनपुरा, कोनी, मदेरां रोड का निर्माण अधरझूल में है जबकि दो बार शिलान्यास हो चुका है।

लोगों ने चेतावनी दी कि निर्माण जल्द शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगे। अड़चन सिर्फ लापरवाही ही है। पहले बजट नहीं था। बजट मिला तो बारिश का मौसम बता नहीं बनाई। अब सब कुछ ठीक है तो भी नहीं बना रहे। 15 सितम्बर 2023 को सादुलशहर के तत्कालीन कांग्रेसी विधायक जगदीशचंद्र जांगिड़ ने शिलान्यास किया था। बाद में अक्टूबर में ठेकेदार ने काम भी शुरू कर दिया था। जिसे नवम्बर में रोक दिया गया। इसके बाद प्रदेश में सरकार बदल गई।

इस दौरान नायक ने कहा कि तीन पुली से चार जैड, मोहनपुरा, कोनी, मदेरां रोड बनवाने के लिए पहले भी अनेक बार धरने-प्रदर्शन किए जा चुके हैं। ठेकेदार काम शुरू करके वापस बंद कर देता है, जिससे क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। पीडब्लयूडी एक्सईएन ने ठेकेदार को पाबंद करते हुए कहा कि सबसे पहले तीन पुली से मोहनपुरा फाटक तक सीसी रोड का निर्माण कार्य किया जाए।

ठेकेदार ने सड़क निर्माण कार्य शुरू करने के लिए विभाग से दो सप्ताह का टाइम मांगा। फिर अधिशासी अभियंता ने दो सप्ताह में काम शुरू कराने का लिखित आश्वासन दिया। 17 जून 2024 को विधायक गुरवीर सिंह ने इसी सड़क का पुनः शिलान्यास कर दिया।

- **सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग में एक्सईएन का घेराव किया**

उस वक्त दावा किया गया कि इस सड़क के लिए बजट ही वर्तमान भाजपा सरकार ने जारी किया है। लेकिन सड़क का काम इसके बाद भी प्रगति नहीं पकड़ पाया है। कोनी निवासी आत्मसिंह ने कहा कि वह इस जर्जर सड़क पर बाइक से गिर गया था। चोटें आई और भी कई हादसे हो चुके हैं।

जर्जर सड़क का दर्द हजारों लोगों का है। सड़क निर्माण नहीं होने से यहां पर दिनभर धूल-मिट्टी उड़ती रहती है। लोगों का आरोप है कि जनप्रतिनिधियों को शिलान्यास करना बहुत पसंद है लेकिन अभी सड़क नहीं बनी।

शरद पूर्णिमा पर बहेगी काव्य धारा

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर के बौद्धिक नागरिकों के पठन, पाठन, मनन और मंथन के केन्द्र जुबिली नागरी भण्डार में शरद पूर्णिमा के अवसर पर पूर्णिमा की शीतल चांदनी के साथ काव्य धारा का आयोजन 'शरद पूर्णिमा महोत्सव' होगा।

जुबिली नागरी भण्डार के मंत्री नंदकिशोर सोलंकी ने बताया कि नागरी भण्डार पाठक मंच और फन वर्ल्ड वाटर पार्क, नाल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार की संध्या सरस्वती माता के मंदिर की छत पर शरद पूर्णिमा की शीतल चांदनी में इस महोत्सव का आयोजन होगा। इस अवसर पर हिन्दी, उर्दू और राजस्थानी के रचनाकार अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे।

उल्लेखनीय है कि जुबिली नागरी भण्डार, स्टेशन रोड, बीकानेर की प्रतिष्ठित संस्था है। संस्था के वाचनालय, पुस्तकालय में प्रतिदिन सैकडों की संख्या में जागरूक नागरिक और साहित्यानुरागी अपनी सहभागिता निभाते हैं। संस्था द्वारा बसंत पंचमी और शरद पूर्णिमा के अवसरों पर अभूतपूर्व आयोजन किये जाते रहे हैं।

सोलंकी ने बताया कि बुधवार की संध्या 07 बजे से आरम्भ होने वाले त्रैभाषिक काव्य समागम के साथ ही शरद पूर्णिमा की चांदनी में तैयार किये गये विशेष अमृत प्रसादम का वितरण भी किया जायेगा। आयोजन के सह प्रभारी नेमचंद गहलोत ने कहा कि वरिष्ठ कवि, ख्यातनाम शायरों के साथ ही नवोदित रचनाकारों को भी रचना पाठ के लिये आमंत्रित किया गया है।

सार-समाचार

एंटीलॉर्वल एक्टीविटी को जांचा



हनुमानगढ़ में मौसमी बीमारियों के चलते स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यों का क्रॉस वैरिफिकेशन किया।

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले में मौसमी बीमारियों के चलते चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से डोर-टू-डोर सर्वे एवं एंटीलॉर्वल एक्टीविटी आयोजित की जा रही है। इसके अलावा जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा किए कार्यों का क्रॉस वैरिफिकेशन किया जा रहा है। चिकित्साकर्मियों द्वारा अब स्कूल प्रोग्राम, आमजन में जन-जागरूकता एवं नगर परिषद् के सहयोग से नियमित रूप से फोगिंग भी करवाई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिले में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा विभाग द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। समस्त बीसीएमओ द्वारा मौसमी बीमारियों के तहत हो रहे कार्यों का क्रॉस वैरिफिकेशन किया। एसीएमएचओ डॉ. ज्योति धींगड़ा द्वारा सुरेशिया में घर-घर जाकर आमजन से बात की तथा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी ली। इसी तरह नोहर, भादरा, रावतसर, पीलीबंगा, संगरिया एवं टिब्बी बीसीएमओ द्वारा भी औचक निरीक्षण किया गया। डॉ. शर्मा ने बताया कि जिले में अभी तक 100 डेंगू पॉजीटिव मरीज चिन्हित हुए हैं। ऐसे में डेंगू मरीजों की सही संख्या जानने के लिए निजी हॉस्पीटल में इलाज ले रहे एवं लैब से डेंगू पॉजीटिव मरीजों की सूचना भेजने के लिए निर्देशित कर दिया गया है। डॉ. शर्मा ने कहा कि गत वर्ष इस समय डेंगू के 263 मरीज पॉजीटिव चिन्हित हुए थे। ऐसे में मच्छरों की उत्पत्ति रोकने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा नियमित एंटीलॉर्वल एक्टीविटी की जा रही है। अस्पतालों में भी उपचार, दवाईयां एवं बैड्स की व्यवस्था रखने के निर्देश जारी किए हुए हैं।

चिकित्सा व्यवस्था का जायजा लिया

एसडीएम जिला चिकित्सालय की आरएमआरएस की बैठक को कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। एसडीएम राजकीय जिला चिकित्सालय की राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक मंगलवार को जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिला कलेक्टर ने अस्पताल की इनडोर एवं आउटडोर की स्थिति जानी और कहा कि प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से नियोजित कार्मिकों के कार्यों का आंकलन करने के बाद आवश्यकता के अनुसार और मैन पावर का नियोजन की अनुमति दी जायेगी। उन्होंने अस्पताल में गायनी, शिशु रोग, सर्जरी और मेडिसन यूनिट की स्थापना के लिए राज्य सरकार के निर्देश की पालना में सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज को पत्र लिखने के निर्देश दिए। अस्पताल में गत दिनों हुए सिविल कार्यों के बारे में जाना और नए निर्माण कार्यों से पूर्व उपलब्ध स्थान के श्रेष्ठतम उपयोग के मद्देनजर बेहतर योजना के अनुसार कार्य करने के लिए कहा। अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष ने आरएमआरएस की आय-व्यय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अस्पताल के बाहर की ओर सीसीटीवी कैमरे लगवाये गए हैं। इससे सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने यहां संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई को शिफ्ट करने, सोनोग्राफी की सुविधा तीन की बजाय पूर्व की भांति छह दिन करने, नर्सिंग, टैक्नीशियन सहित अन्य पदों के लिए एजेंसी के माध्यम से मैन पावर नियोजित करने सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की। बैठक में सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज की अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. अनीता पारीक, डॉ. गुलाब खत्री, आरएमआरएस सदस्य दुर्गाशंकर व्यास, सरजू नारायण पुरोहित, हेल्थ मैनेजर प्रबल कुमार, दुष्यंत आदि मौजूद थे।

पति को चारपाई से बांधकर पीटा

हनुमानगढ़, (कासं)। पत्नी ने अपने भाई व अन्य के साथ मिलकर पति को चारपाई से बांधकर पीट दिया। मारपीट में पति के पैरों, कमर, पीठ व हाथों पर चोटें आई। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। इस संबंध में पति के पर्चा बयान के आधार पर जंक्शन पुलिस थाना में परिवादी की पत्नी व साले सहित चार नामजद व पांच-छह अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती भैरुसिंह (48) पुत्र मांगृसिंह राजपूत निवासी डाइट रोड, गोगामेड़ी के पीछे, वार्ड 60, सुरेशिया, जंक्शन ने पर्चा बयान में बताया कि वह ट्रक चालक है। उसकी शादी 2002 में ममता कंवर पुत्री दीपसिंह राजपूत निवासी गोधूवाली ढाणी के साथ हुई थी। उनके लड़का भवानी सिंह व एक लड़की पूजा कंवर है। करीब 12-13 साल पहले उसके साले मघसिंह की शादी हुई थी। तब से उसकी अपनी पत्नी ममता कंवर व ससुराल पक्ष के लोगों के साथ अनबन चली आ रही है। उसकी पत्नी व ससुराल पक्ष के लोग बार-बार रूपयों की मांग करते हैं। इस संबंध में पंचायत भी हुई। लालगढ़ पुलिस थाना में उसके खिलाफ दहेज का मुकदमा दर्ज करवाया था।

अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने से परेशान युवती ने जान दी

हनुमानगढ़, (कासं)। गोगामेड़ी थाना क्षेत्र के ललाना बास दिखनादा गांव में एक युवती ने अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने से परेशान होकर कुंड में कूदकर जान दे दी।

परिजनों को युवती के सुसाइड करने के समय इस बात का पता नहीं चला। इस कारण उन्होंने पुलिस को सूचना दिए बिना युवती के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। तीन दिन बाद इस बात का पता चलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इस मामले में गोगामेड़ी पुलिस थाने में दो युवकों के खिलाफ सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज हुआ है।

एएसआई महावीर प्रसाद ने बताया कि लीलाधर (19) पुत्र रामेश्वर नाई निवासी ललाना बास दिखनादा ने लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बहन कविता (24) बीएड कर रही थी। कविता की शादी के लिए मलवास तहसील सिद्धमुख जिला चूरू निवासी राकेश नाई के साथ रिश्ता तय किया था। जो करीब डेढ़ वर्ष तक रहा। वे कविता की शादी करने वाले थे।

उसी समय मनीष पुत्र विनोद कुमार उर्फ शेरसिंह नाई निवासी ललाना बास दिखनादा ने उसकी बहन की फोटो वीडियो और गलत व्हाट्सएप मैसेज कर राकेश से रिश्ता तुड़वा दिया। इस पर उन्होंने पंचायत की। पंचायत में मनीष और उसके परिवार वालों को उलाहना दिया। पंचायत में मनीष की ओर से रिश्ता तुड़वाने की गलती स्वीकार कर इसके बाद किसी प्रकार की गलती नहीं करने का आश्वासन दिया गया।

- **युवती ने कुंड में कूदकर किया सुसाइड, दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज**

उसके बाद करीब 8 महीने पहेल उसकी बहन का रिश्ता सहवाला के दिनेश नाई के साथ तय कर दिया। इसका पता चलने पर राकेश पुत्र धर्मपाल निवासी मलवास ने अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर राकेश सैन नाम से इंस्टाग्राम आईडी तैयार कर उसकी बहन की अश्लील फोटो और मैसेज उसके होने वाले बहनोई दिनेश के मोबाइल नम्बर पर भेज दिए।

वीडियो कॉल कर पूर्व की फोटो निकालकर फोटो और मैसेज भेजे। इस पर उसके बहनोई ने 9 अक्टूबर की रात करीब साढ़े 9 बजे उसकी बहन के फोन नम्बर पर कॉल कर फेंक आईडी, अश्लील फोटो और मैसेज के बारे में बात की। राकेश और अन्य व्यक्ति ने उसके परिवार की अन्य बहन और औरतों के फोन नम्बर पर भी अश्लील फोटो और वीडियो भेजे थे। राकेश और अन्य व्यक्ति की ओर से मैसेज और अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने से समाज परिवार में हुई बदनामी से तंग आकर उसकी बहन कविता ने 9 अक्टूबर को घर में बने कुंड में कूदकर सुसाइड कर ली। लीलाधर के अनुसार दाह संस्कार के समय उन्हें उसकी बहन की अश्लील फोटो और मैसेज के बारे में और परिवार की अन्य औरतों के पास आये मैसेज और वीडियो का पता नहीं था। परिवार के सदस्यों ने बताया कि कविता ने मनीष और राकेश की ओर से परेशान करने पर सुसाइड किया है।

सीपीएस कार्यशाला का शुभारंभ

नोखा, (कासं)। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में तेरापंथ युवक परिषद नोखा द्वारा सप्त दिवसीय सीपीएस कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पीकिंग कार्यशाला का शुभारंभ शासन गौरव साध्वी राजीमती द्वारा मंगल पाठ से हुआ। यह आयाम अभातेयुप द्वारा देश एवं विदेश में चलाया जा रहा है।

अध्यक्ष निर्मल चोपड़ा ने बताया कि इसके अंतर्गत तेरापंथ युवक परिषद नोखा द्वारा 14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक सप्त दिवसीय कार्यशाला चलेगी जिसमें विभिन्न प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीन-तीन घंटे के दो सत्र चलाए जा रहे हैं। प्रत्येक सत्र में 30 - 30 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

मंत्री सुरेश बोथरा ने कहा कि सभी लोग मंच पर बोलना चाहते हैं, वक्तव्य देना चाहते हैं पर डर लगता है। उसी डर को भगाने एवं वक्तव्य शैली को प्रभावी कैसे बनाया जाए इस हेतु इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी बड़े उत्साह से भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक अभिषेक भूरा, संपत लाल चोरड़िया, अरिहंत सुखलेचा, अरुण भूरा, निखिल रांका, प्रेम चोरडिया आदि व्यवस्था में जुटे रहे।

बाइक मैकेनिक की पीट-पीटकर की हत्या

श्रीगंगानगर,(कासं)। मोटरसाइकिल मैकेनिक युवक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हिंदुमलकोट पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर एक ही परिवार के कई लोगों पर हत्या के आरोप में बीएनएस की धारा 103(1) व 189(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

एसएचओ महेश शीला मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चक 4 बी बड़ी पक्की निवासी गुरप्रीत सिंह रायसिख उर्फ गोरू पुत्र मलकीत सिंह का शव रात एक बजे के करीब गंगनहर के 3 सी बड़ी की रोही स्थित पंजाबा पुल के पास से परिजनों द्वारा बरामद किया गया। मृतक के भाई राजू रायसिख ने परिवाद में बताया कि उसका भाई गोरू मोटर साइकिल मैकेनिक था।

हमारे घर पर 12 अक्टूबर की रात को करीब 8:30 बजे परिवादी के ही गांव निवासी गोरू पुत्र त्रिलोक सिंह रायसिख परिवादी के भाई गोरू को बुलाने आया। उसने हमें बताया कि पक्की निवासी रिंकु पुत्र जस्सो बाई राय सिख का मोटर साइकिल पंजाबा पुल पर खराब हो गया है। उसे ठीक करके लेकर आना है। इस पर परिवादी का भाई गोरू अपने मोटर साइकिल आरजे-13-एसवाई-9859 पर आरोपी गोरू पुत्र त्रिलोक सिंह के साथ मोटर साइकिल ठीक करने को औजार की टूल किट लेकर चला गया।

- **नरमा चुगने आए रिश्तेदारों ने पीट-पीटकर हत्या कर शव को सी माइनर में फेंक दिया**

उसकी पंजाबा पुल के निकट निवासी सुखदेव सिंह, उसके बेटे अंग्रेज सिंह, छिन्दा सिंह व इनकी ढाणी में नरमा चुगने आए इनके 6-7 अन्य रिश्तेदारों ने परिवादी के भाई की पीट-पीटकर हत्या कर दी और शव को सी माइनर में फेंक दिया। पुलिस ने परिवाद पर मुकदमा दर्ज किया और शव का पोस्टमार्टम करवाया। परिवादी राजू रायसिख ने परिवाद में बताया कि परिवादी का भाई गुरप्रीत उर्फ गोरू, उसको बुलाकर लेकर गया।

मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना में आवेदन मांगे

बीकानेर, (कासं)। मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के लिए विशेष योग्यजनों से 30 नवम्बर तक आनलाइन ई-मित्र एवं स्वयं द्वारा एसएसओ पोर्टल पर एसजेएमएस डीएसएपी के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पवार ने बताया कि वित्तीय वर्ष की बजट घोषणा में युवा विशेष योग्यजन को संबल प्रदान करने की दृष्टि से 2 हजार विशेष योग्यजन को स्कूटी दिए जाने की घोषणा की गई थी। इसके तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे विशेष योग्यजन, जो चलने-फिरने में असमर्थ हैं। राजकीय अथवा मान्यता प्राप्त महाविद्यालय में नियमित अध्ययनरत हैं व रोजगार करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निःशुल्क स्कूटी का वितरण किया जायेगा।

संयुक्त निदेशक ने बताया कि आवेदन के लिए विशेष योग्यजन पेंशन प्राप्त कर रहे आवेदक को पेंशन पी.पी.ओ. लगाना होगा। जो विशेष योग्यजन पेंशन प्राप्त नहीं कर रहे, उनकी माता, पिता एवं स्वयं की संकलित आय 2 लाख रुपए वार्षिक से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके लिए प्रार्थी को स्वप्रमाणित आय प्रमाण पत्र, जो आवेदन की तिथि से 6 माह से अधिक पुराना न हो।

रफी-किशोर नाइट आज

बीकानेर, (कासं)। टाउन हॉल में अमन कला केन्द्र द्वारा आज 16 अक्टूबर शाम 7 बजे टाउन हॉल में हिन्दी सिनेमा के जाने-माने पार्श्व गायक किशोर कुमार की 37 वीं पुण्यतिथि व मोहम्मद रफी शताब्दी वर्ष के अवसर पर मोहम्मद रफी व किशोर कुमार के फिल्मी गीतों का रंगारंग कार्यक्रम किशोर कुमार नाइट 2024 कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

संस्था के अध्यक्ष एम. रफीक कादरी ने बताया कि मुख्य अतिथि इकबाल हुसैन समेजा डायरेक्टर होटल रॉयल इन होंगे। अध्यक्षता संयुक्त रूप से राजेश मुंजाल डायरेक्टर बीकानेर गोल्डन ट्रांसपोर्ट कंपनी व एन. डी. रंगा अध्यक्ष सखा संगम करेंगे।

बीकानेर के 100 से ज्यादा जूनियर रेजिडेंट्स कार्यमुक्त

बीकानेर, (कासं)। इन दिनों डेंगू के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में डॉक्टर्स के रिक्त पदों पर भर्ती करने के बजाय राज्य सरकार ने बीकानेर के सौ से ज्यादा जूनियर रेजिडेंट्स डॉक्टर्स को कार्यमुक्त कर दिया।

पीबीएम हॉस्पिटल के कई विभागों के साथ ही सैटेलाइट हॉस्पिटल में काम कर रहे जूनियर रेजिडेंट्स को दो दिन पहले राज्य सरकार ने कार्यमुक्त करके घर भेज दिया। वहीं जयपुर ओर जोधपुर में कार्यमुक्त हुए डॉक्टर्स को वापस काम पर बुला लिया गया। दरअसल बीकानेर में जूनियर रेजिडेंट्स पदों पर एक सौ दस एमबीबीएस डॉक्टर्स को पदस्थापन दिया गया था। पूरी तरह से अस्थायी इन पदों पर 3 महीने के लिए ही भर्ती की गई थी। तीन महीने पूरे होने पर इन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया। इस बीच बीकानेर में डेंगू और मलेरिया के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं।

पीबीएम हॉस्पिटल के मेडिसिन विभाग में तो एक बिस्तर पर दो-दो मरीज भर्ती करने की स्थिति है। हर वक्त रेजिडेंट डॉक्टर्स की जरूरत है लेकिन अब बढ़ने के बजाय अब डॉक्टर घट गए हैं। जिला हॉस्पिटल में भी मौसमी बीमारियों के रोगी बढ़े हैं लेकिन डॉक्टर्स यहां भी कम हो गए।

बीकानेर के साथ ही जयपुर और जोधपुर में भी जूनियर रेजिडेंट्स पद पर डॉक्टर्स लगाये गए थे। इनकी अवधि भी दस अक्टूबर को खत्म हो गई लेकिन इनकी समय अवधि तीन महीने के लिए बढ़ाकर दिसम्बर तक बढ़ा दी गई है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने आदेश जारी कर दिए लेकिन बीकानेर में ये अवधि नहीं बढ़ी है। राज्य सरकार ने जयपुर के 210 और जोधपुर के 75 डॉक्टर्स की कार्य अवधि तीन महीने बढ़ा दी गई है।

हनुमानगढ़ जंक्शन व टाउन में लोकल ट्रकों की आवाजाही शुरू करवाने की मांग

हनुमानगढ़, (कासं)। टाउन और जंक्शन की ट्रक ऑपरेटर यूनियन ने शहर में ट्रकों की आवाजाही शुरू करने की मांग की है। यूनियन के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। सतीपुरा में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के कारण शहर में ट्रकों का संचालन बंद कर दिया गया था।

ट्रक ऑपरेटर यूनियन के सदस्यों ने बताय कि अधिकतर ट्रक खेती से संबंधित उर्वरक (खाद) या पोषाहार, कोटे वाले गेहूं के परिवहन के काम में लगे हुए हैं। उर्वरक लोडिंग पाइंट चूना फाटक से आगे शहर की तरफ है और पोषाहार की कनक गाड़ियां भरकर शहर के अंदर से ही आवागमन कर सकती हैं। शहर के बीच के अलावा हनुमानगढ़ में कोई बाइपास या आने-जाने का रास्ता नहीं है। जिसे बहुत सामान जगह पर नहीं पहुंच पाता है।

उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए सुझाव दिया कि जयपुर-श्रीगंगानगर की तर्ज पर सुबह नौ बजे तक शहर में एंट्री खुली रखी जाए और ट्रकों को आने-जाने दिया जाए। नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक ट्रकों का आवागमन बंद रखा जाए। 12 बजे से शाम 4 बजे तक फिर ट्रकों के आवागमन की अनुमति दी जाए। शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक बंद रखा जाए। इसके अलावा दूसरा सुझाव है कि ट्रक यूनियन की तरफ से यातायात पुलिस को लिस्ट उपलब्ध करवा दी जाएगी। इसमें शामिल हनुमानगढ़ के लोकल ट्रकों की आवाजाही न रोकी जाए। बाहर से आने वाले ट्रकों को रोके जाने पर स्थानीय ट्रक ऑपरेटर यूनियन को कोई आपत्ति नहीं है। इस मौके पर जुगल किशोर राठी, विक्रम, किशन कुमार, रवि कुमार, अनिल कुमार, राजकुमार, गुरमेल सिंह, नवनीत शर्मा, पन्नालाल, महावीर, मनोज गोयल, संजीव गोयल व अन्य ट्रक ऑपरेटर मौजूद थे।

हनुमानगढ़ में लोकल ट्रकों की आवाजाही शुरू करवाने की मांग को लेकर यूनियन ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

- **सतीपुरा में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के कारण शहर में ट्रकों का संचालन बंद था**
- **हनुमानगढ़ में आने-जाने का रास्ता नहीं है**

असहाय लोगों का इलाज के लिए रेस्क्यू

नोखा, (कासं)। अपना घर आश्रम और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान को आश्रयहीन और बीमार व्यक्तियों से मुक्त बनाने के उद्देश्य से रेस्क्यू अभियान के द्वितीय चरण की शुरूआत की गई है।

यह अभियान प्रदेश के सात संभागों में चलाया जा रहा है, जिसका लक्ष्य सड़कों पर असहाय और बेघर लोगों को सहायता प्रदान करना है। बीकानेर जिले में इस अभियान का शुभारंभ आज कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया।

इस अभियान में अपना घर आश्रम, भरतपुर के प्रभारी राजेंद्र , बीकानेर जिले की पूरी व्यवस्थाओं का संचालन कर रहे हैं। अभियान की शुरुआत नोखा स्थित अपना घर आश्रम द्वारा की गई। कार्यालय प्रभारी अशोक विश्नोई, कंप्यूटर सहायक लीलाधर सुथार और सेवा साथी रविशंकर यादव प्रभुजी को रेस्क्यू करने के लिए रवाना हुए। बीकानेर से विभिन्न क्षेत्रों में एम्बुलेंस भेजी जायेगी। जबकि नोखा से दूसरे गांवों में अभियान जारी रहेगा।

राजस्थान आवासन मण्डल
RAJASTHAN HOUSING BOARD
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
(A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)
वृत-बीकानेर, Circle-Bikaner
क्रमांकः-उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/644 दिनांक :- 14.10.2024

आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की सामान्य पंजीकरण योजना-1971 में चालान संख्या 6261 द्वारा रूपये 500/- जमा करवाकर श्री जीवन राम देवतवाल पुत्र श्री बुभाराम देवतवाल ने आवास आवंटन हेतु पजीकरण करवाया था। आवंटी को आवास सं. 02-ब-16 पवनपुरी योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 76.08 वर्गमीटर (91 वर्गयार्ड) का आवंटन पत्रक्रमांक 5685/6372 एवम् 54 दिनांक 31.01.1975/ 20.03.1975 एवम् 07.01.1982 को जारी किया गया था। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक से पंजीकृत नहीं है।

तद्शचात् श्री जीवन राम देवतवाल की मृत्यु दिनांक 18.01.1999 को एवम् उनकी धर्मपत्नि श्रीमति चान्दा देवी की मृत्यु दिनांक 05.12.2010 को जाने कारण उनके भाई श्री रामपाल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार के घोषणा पत्र, समस्त पंजीयन प्रपत्रों की छायाप्रति एवम् निर्धारित शूल्क जमा करवाकर आवास संख्या 02-ब-16 पवनपुरी, बीकानेर अपने पक्ष में हस्तातंरण/प्रतिस्थापन करने हेतु आवेदन किया हैं। श्री रामपाल पुत्र श्री बिरधराम के नाम उक्त आवास इस कार्यालय के कार्यालय आदेश क्रमांक 004 दिनांक 11.09.2015 को कर दिया गया था।। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 23.08.2016 को पंजीकृत हैं।

तद्श्चात् श्री रामपाल पुत्र श्री बिरधराम ने उक्त आवास का बैचान विक्रय पत्र के माध्यम से श्रीमति वीना अरोड़ा पत्नि श्री राजेन्द्र कुमार अरोड़ा को किया गया। उक्त विक्रय पत्र उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 07.11.2016 से पंजीकृत है।। तद्श्चात् श्रीमति वीना अरोड़ा पत्नि श्री राजेन्द्र कुमार अरोड़ा ने उक्त आवास का बैचान इकरारनामा/बैयनामा के माध्यम से मीनाक्षी सैम्युअल पत्नि अरनॉल्ड विन्सन को किया गया है। उक्त बैयनामा उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 31.12.2021 को पंजीकृत हैं।

मीनाक्षी सैम्युअल पत्नि अरनॉल्ड विन्सन ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। मीनाक्षी सैम्युअल पत्नि अरनॉल्ड विन्सन का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/ हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, मीनाक्षी सैम्युअल पत्नि अरनॉल्ड विन्सन का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/ पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।।

सहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त बीकानेर